वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 272 मंगलवार 30 जनवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# ERCP पर सदन में हुआ हंगामा

## सरकार से एमओयू पर मांगा जवाब, सत्ता पक्ष ने बोला- डेढ़ माह में फैसला हुआ, ताली तो बजा दो

**कांग्रेस विधायकों के हंगामे के बीच जीएसटी संशोधन बिल बिना बहस पारित हो गया। वहीं, जल प्रदूषण रोकने के लिए कानून बनाने का शासकीय संकल्प भी हंगामे में पारित हुआ।**

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

ईआरसीपी पर एमओयू के मामले में सरकार से जवाब की मांग करते हुए कांग्रेस विधायकों ने सदन में हंगामा और नारेबाजी की। ईआरसीपी के मुद्दे पर पहले सरकार ने सदन को जानकारी नहीं दी। कांग्रेस ने इसी पर सवाल उठाते हुए हंगामा किया।

वहीं, बीजेपी विधायक जसवंत यादव ने कहा- डेढ़ माह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करवा लाए। आप लोग ताली तो बजा दो। कांग्रेस विधायकों के हंगामे के बीच जीएसटी संशोधन बिल बिना बहस पारित हो गया। वहीं, जल प्रदूषण रोकने के लिए कानून बनाने का शासकीय संकल्प भी हंगामे में पारित हुआ। कांग्रेस विधायक लगातार 'ईआरसीपी पर जवाब दो' के नारे लगाते रहे। इसके बाद स्पीकर को 1 बजकर 4 मिनट पर आधे घंटे के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।



शून्यकाल की कार्यवाही खत्म होते ही नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने ईआसीपी पर सदन के बाहर फैसला करने को लेकर मुद्दा उठाया। जूली ने कहा कि सदन चल रहा है, सदन के प्रति पूरे मंत्रिमंडल की सामूहिक जिम्मेदारी होती हैं। ऐसे समय ईआरसीपी योजना का एमओयू किया है, लेकिन सदन को अवगत नहीं करवाया गया। इस पर स्पीकर ने जब उन्हें आगे बोलने की अनुमति नहीं दी तो नाराज कांग्रेस विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी शुरू कर दी। अमूमन परम्परा रही है कि विधानसभा सत्र चल रहा हो तो कोई भी बड़ा फैसला करने से पहले उसकी सदन में जानकारी दी जाती है। सदन से पहले बाहर उसकी जानकारी नहीं दी जाती है। ईआरसीपी के मुद्दे पर पहले सरकार ने सदन को जानकारी नहीं दी। कांग्रेस ने इसी पर सवाल उठाते हुए हंगामा किया।

### डेढ़ माह में ईआरसीपी का फैसला करा दिया, ताली तो बजा दो

सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होने पर राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद शुरू हुआ। जिस पर बोलते हुए बीजेपी विधायक जसवंत यादव ने कहा कि जो फैसला 5 साल में कांग्रेस सरकार नहीं करवा पाई। वो फैसला डेढ़ माह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करवा लाए। उन्होंने विपक्ष की तरफ इशारा करते हुए कहा कि इस पर आप लोग ताली तो बजा दो। जसवंत यादव ने कहा- जिस समय मुख्यमंत्री जयपुर पहुंचे। हजारों लोग उनका स्वागत कर रहे थे। वहीं, आप लोग सदन में हंगामा कर रहे थे। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को लेकर कहा कि आपको कम उम्र में नेता प्रतिपक्ष का पद मिला है। इसका मतलब यह नहीं है कि आप बार-बार वैल में आ जाए। यहां सब रिकॉर्ड होता हैं। ऐसे ही करते रहोगे तो थोड़े दिनों में नौटंकी का मैसेज चला जाएगा।

# मेयर सौम्या गुर्जर के सलाहकार समेत 14 अधिकारियों को हटाया

## जयपुर नगर निगम ग्रेटर कमिश्नर ने आदेश जारी किए; 5 कर्मचारी डीएलबी में दे रहे थे सेवाएं

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राज्य सरकार के आदेश के बाद अब विभागों से रिटायर्ड कर्मचारियों की रवानगी शुरू हो गई। नगर निगम ग्रेटर की कमिश्नर ने आज एक आदेश जारी करके 14 ऐसे अधिकारियों को हटाया है, जो रिटायर्ड होने के बाद नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय या स्वायत्त शासन निदेशालय में काम कर रहे थे। इसमें जयपुर मेयर सौम्या गुर्जर के एडवाइजर भी शामिल है, जो पिछले कई साल से इस पोस्ट पर रिटायर्ड होने के बाद भी कार्यरत थे। दरअसल, पिछले दिनों राजस्थान में सरकार ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद, यूआईटी, विकास प्राधिकरण और स्वायत्त शासन निदेशालय में कॉन्ट्रेक्ट पर लगे कर्मचारियों को हटाने के



आदेश दिए थे। हटाए गए अधिकारियों में मेयर सौम्या गुर्जर के सलाहकार से लेकर लेखाधिकारी, जनसंपर्क, विधि सहायक, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक भी शामिल हैं।

### इन्हें हटाया गया

कमिश्नर रूकमणी रियाड़ की ओर से जारी आदेशों में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक के पद पर मुरलीपुरा जोन में नियुक्त रामकिशोर गुप्ता, सहायक प्रशासनिक अधिकारी ज्ञान प्रकाश पारीक, वरिष्ठ सहायक अनिल किशोर पारीक, निदेशक विधि सलाहकार कैलाशराम ईनाणिया, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क बृजेश पारीक को हटाया गया है। इनके अलावा मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर के सलाहकार रमाकांत अग्रवाल, सहायक लेखाधिकारी बजरंग लाल शर्मा, सीनियर ज्वाइंट लॉ एडवाइजर सुनील राय और कमिश्नर राजेन्द्र कुमार सिंघल को भी हटा दिया गया है। जयपुर जेडीए में बाबू, पटवारी समेत अन्य पदों पर बड़ी संख्या में कर्मचारी रिटायर्ड लगे हुए हैं। इसी तरह हाउसिंग बोर्ड में 30 से ज्यादा कर्मचारी ऐसे है जो रिटायर्ड होकर वापस बोर्ड में पे माइनस पेंशन या एक निर्धारित वेतन पर काम कर रहे हैं।

# निवाई में विमल पाटनी जौंला को उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित

## जैन समाज में खुशी की लहर, बधाई देने वालो का तांता लगा

**निवाई. शाबाश इंडिया**



निवाई में उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 75 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने पर समाजसेवी एवं परमार्थ सेवा के साथ साथ धर्म का प्रचार प्रसार करने पर जैन समाज के प्रवक्ता विमल पाटनी जौंला पुत्र सुरजमल पाटनी को सम्मानित किया गया जिसमें जैन समाज एवं अनेक समाज के लोगों ने बधाई देकर शुभकामनाएं दी हैं। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में नवनिर्वाचित विधायक रामसहाय वर्मा, एस डी एम समन्दर सिंह भाटी, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी, पंचायत समिति प्रधान रामवतार लांगडी. आदि प्रशासनिक अधिकारियों ने विमल जौंला को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान परम पूज्य वात्सल्य मूर्ति आचार्य श्री पदमनन्दी जी महाराज, वैज्ञानिक धमार्चार्य आचार्य श्री कनकन्दी जी महाराज, परम पूज्य वात्सल्य वारिधि जैन संत आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज राष्ट्रीय स्तर के संत गणाचार्य विराग सागर जी महाराज, राष्ट्रीय संत आचार्य श्री पुलक सागर जी महाराज, आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज, गणिनी आर्यिका ज्ञानमती माताजी, गणिनी आर्यिका विशुद्ध मति माताजी, गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी, चारित्र चन्द्रिका गणिनी आर्यिका प्रज्ञामति माताजी, आर्यिका चेत्यमति माताजी, सहित अनेक दिगम्बर जैन मुनि आर्यिकाओं ने आशीर्वाद प्रदान किया। इस उपलक्ष्य पर जैन समाज के अध्यक्ष नेमीचंद गंगवाल, मंत्री महावीर प्रसाद पराणा, बड़ा जैन मंदिर अध्यक्ष विनोद जैन पांडया, मंत्री महेन्द्र चंवरिया, अग्रवाल मंदिर अध्यक्ष प्रेमचंद जैन, मंत्री मुकेश बनेठा, विज्ञा तीर्थ कमेटी अध्यक्ष अनिल बनेठा, कार्याध्यक्ष सुनील भाणजा, पूर्व मुख्य सचेतक महावीर प्रसाद जैन, अशोक कटारिया, राकेश संधी, त्रिलोक रजवास, विमल बड़ागांव, कमल खण्देवत, अतुल ठोलिया, अशोक बिलाला, महावीर प्रसाद छाबड़ा, विष्णु बोहरा, पारस पहाड़ी, मनोज पाटनी, जितेन्द्र चंवरिया, बड़ौदा राजस्थान ग्रामीण बैंक मैनेजर पंकज जैन, नरेश बड़ागांव त्रिलोक सिरस, शंभु कठमाणा, हुकमचंद जैन, अशोक सोगानी, मूलचंद, त्रिलोक चंद जैन सहित अनेक समाज के लोगों द्वारा एवं संस्थाओ के पदाधिकारियों ने खुशी जताई एवं बधाई देकर शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार उपखण्ड मुख्यालय निवाई में गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में विधायक रामसहाय वर्मा ,एस डी एम समन्दर सिंह भाटी, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी, पंचायत समिति प्रधान रामवतार लांगडी. ने 41 अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं 21 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया ।

## डॉ. मालती की लघु वीडियो फिल्म को राजस्थान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जल जाने पर प्राथमिक उपचार इस पर डॉ. मालती द्वारा बनाई गई लघु वीडियो फिल्म को राजस्थान फिल्म फेस्टिवल के दसवें संस्करण में जन साधारण के लिए दिखाया गया। फिल्म के आरंभ में दर्शकों से सवाल पूछा गया कि यदि किसी भी कारण से शरीर का कोई अंग जल जाए तो सबसे पहले वो क्या करेंगे, सही उत्तर जानने के लिए कृपया ये लघु वीडियो देखे। इस प्रश्न के दर्शकों द्वारा उत्तर देने के पश्चात ही फिल्म दिखाई गई।

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन से...

**शाबाश इंडिया**



यदि आपके लिये किसी ने गढ्ढा खोदा है, तो आप चिन्ता मत करो। बल्कि अपने चिन्तन को बदलो और उस खोदे गढ्ढे में आम-अमरूद का वृक्ष लगाओ। खुद खाओ और पड़ोसी को भी खिलाओ, क्योंकि -

**आग का समाधान आग नहीं - पानी है।**
**गाली का समाधान गाली नहीं - गीत है।**
**अपमान का समाधान अपमान नहीं - सम्मान है।**
**हिंसा का समाधान हिंसा नहीं - अहिंसा है।**

हिंसा स्वागत नहीं है, हिंसा एक झूठी शक्ति है। इसका अस्तित्व तो है, लेकिन वह अनन्त नहीं है। हिंसा का अंत है, जबकि अहिंसा अनन्त है। आज हिंसा और अहिंसा के बीच संघर्ष है।

माहौल और परिस्थितियों को देखकर लगता है कि अहिंसा पर हिंसा हावी हो रही है, लेकिन सच्चाई यही है कि अंततः जीत अहिंसा और सत्य की ही होती है।

महाभारत के युद्ध में कभी कौरवों का, तो कभी पाण्डवों का पलड़ा भारी होता दिखाई देता है। लेकिन जब महाभारत का अठारहवें दिन का निर्णायक युद्ध होता है, तो जीत पाण्डवों की ही होती है। ध्यान रखना! रात जितनी काली होगी, सुबह उतनी ही करीब होगी। आज देश और समाज में हिंसा, अपमान, द्वेष, ईर्ष्या, कषाय का गहन अन्धकार छाया हुआ है। कल इसी अन्धकार में जब हमारे विवेक का सूर्योदय होगा, तो वर्षों-वर्षों का अविवेक और अज्ञान का अन्धकार आपोआप मिट जायेगा...!!!

**-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

# लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल ने नि :शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया



**जयपुर. कंचन केसरी**

लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल ने निदान सेवा संस्थान के सहयोग से मेहंदवास जिला फागी में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जिसमें लगभग 200 मरीजो की निशुल्क नेत्र जांच की गई व 22 लोगो को मोतियाबिंद के निशुल्क आपरेशन हेतु केलगिरी हॉस्पिटल में भेजा गया।

उक्त कार्यक्रम में लायंस क्लब स्पार्कल से अध्यक्ष रानी पाटनी, कोषाध्यक्ष मंजू पूरी व चित्रलता जैन उपस्थित रही।

# नि:शुल्क परामर्श शिविर सम्पन्न 51 रोगियों ने लिया परामर्श



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। भारत विकास परिषद शाखा के तत्वावधान में रविवार को गांधी चौक स्थित जैन भवन में पेट और लीवर रोग के लिए आयोजित शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर में क्षेत्रपाल हॉस्पिटल के लीवर, पेट रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आकाश माथुर ने लीवर एवं पेट रोग से संबंधित 51 रोगियों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क परामर्श दिया।

# भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी का राष्ट्रीय अधिवेशन णमोकार तीर्थ पर



**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। परमपूज्य सारस्वताचार्य श्री 108 देवनन्दी जी महाराज के सनिध्य मे परमसम्मानित श्री रविन्द्र क्रीति स्वामी जी की विशेष उपस्थित के साथ जंबू प्रसाद जैन को भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी का निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किए जाने पर हार्दिक बधाइयां और मंगल कामनाएं। निर्वाचित अध्यक्ष जंबू प्रसाद के साथ आदीश जैन दादा णमोकर तीर्थ पर, साथ में स्वराज (टाइम्स), शरद (सांध्य महालक्ष्मी) और श्रीमती कमल जैन (मदरलैंड मेडिकेयर इंडिया), इंदौर दिगंबर जैन समाज समाजिक सांसद के मंत्री डॉ जैनेन्द्र जैन, महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका, हंसमुख गांधी, टीके वेद, पीयूष जैन, संजीव जैन संजीवनी, राजेश जैन दद्दू, परवार समाज महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता जैन, सारिका जैन आदि ने बंधाई देते हुए निवेदन किया कि आगामी कार्यकाल में तीर्थ सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव कामां की तैयारियां हुई प्रारंभ, लगने लगा डोम

## आगामी 28 फरवरी से होगा भव्य आयोजन



**कामा. शाबाश इंडिया**

पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति कामा के तत्वावधान में जैन आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में आगामी 28 फरवरी से 4 मार्च तक भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारीयां कोट ऊपर स्थित कामसेन स्टेडियम में प्रारंभ हो गई। जयपुर से आये टेंट का डोम लगना हुआ प्रारम्भ तो जैन समाज भी तैयारियों में जुट गयी है।

पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के महामंत्री संजय जैन बड़जात्या ने बताया कि सात दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन प्रथम गणिनी आर्यिका विजय मति माताजी की जन्म भूमि पर 27 फरवरी को मेहंदी हल्दी कार्यक्रम से प्रारंभ हो जाएगा। 28 फरवरी से पंचकल्याणक की मूल क्रियाएं घटयात्रा, झंडारोहण,पांडाल उद्धघाटन के साथ पण्डित महावीर प्रसाद शास्त्री गींगला सलूम्बर के निर्देशन में प्रारम्भ होगा। 1 मार्च को जन्माभिषेक का भव्य जुलूस कामां के विभिन्न मार्गो से निकाला जाएगा तो वहीं अनेकों झांकियां, बैंड, बुग्गी, हाथियों पर विराजमान इंद्र आदि आकर्षण के केंद्र रहेंगे। कार्यक्रम में अनेकों गणमान्य अतिथियों व राजनेताओं के आने की संभावना है। प्रतिदिन कार्य व्यवस्थाओं को लेकर मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है तो वही युवा वर्ग अति उत्साहित नजर आ रहा है।

## वेद ज्ञान

### छूटने का भय

हमारे लिए यह जान लेना आवश्यक है कि हम कौन हैं? क्योंकि अभी तक हम अपने को जिस रूप में जानते हैं वह सही नहीं है। सृष्टि की संरचना और इसमें आने वाले जीव के विषय में जो विचार करते हैं, उनका कहना है कि जैसे ही जीव इस धरती पर कदम रखता है, पांच ज्ञानेंद्रियों, पांच कर्मेंद्रियों, एक मन और एक बुद्धि से युक्त इसका शरीर भी इसके साथ-साथ चला आता है। हालांकि यह शरीर इसके साथ तो आता है, किंतु यह इसका अपना इसलिए नहीं होता, क्योंकि यह जीव तो उस परब्रह्म परमात्मा का अंश है, जो जन्म और मरण से मुक्त है और जिसमें सुख-दुख की व्याप्ति नहीं होती। जीव को कब कौन-सा शरीर मिलेगा और कब कौन-सा शरीर उससे छूट जाएगा, इसका न तो इसे पता होता है और न ही अपना शरीर प्राप्त करना तथा छोड़ना इसके वश में होता है, क्योंकि न तो यह अपने शरीर का स्वामी है और न यह शरीर इसका अपना है। इसलिए इसके छूटने का भय निरर्थक है। यही स्थिति सांसारिक संबंधों की भी है। इस जीव ने जिस किसी स्त्री के गर्भ से जन्म लिया वही इसकी माता हो गई। जिस किसी पुरुष ने इसका पालन-पोषण किया उसे पिता कहा जाने लगा। जो इसकी माता के ही गर्भ से जन्मे वे भाई-बहन हो गए। इसी तरह से सांसारिक संबंधों का एक बड़ा जाल बिछ गया, जिसका जुड़ाव समाज और राष्ट्र से हो गया, किंतु यथार्थ फिर वही है कि इनमें से इस जातक का अपना इसलिए कोई नहीं है, क्योंकि जिस मां के गर्भ से इसका जन्म हुआ, जिस पिता ने पालन-पोषण किया और एक ही गर्भ से जन्म लेने के कारण, जो इसके भाई-बहन बने, क्या वे सभी पूर्व जन्म में इसके साथ थे? कब तक साथ रहेंगे और क्या अगले जन्म में भी इसे मिलेंगे? इसका कोई ठिकाना इसीलिए नहीं है, क्योंकि यथार्थ में इसका अपना कोई है ही नहीं। यही स्थिति इसकेजीवन में प्राप्त होने वाली भोग-सामग्री की भी है। मकान, दुकान, पद-प्रतिष्ठा, लाभ-हानि के होने न होने का क्या कोई ठिकाना है? सब कुछ अनिश्चय है, क्योंकि इन सबसे भी जीव का कोई सीधा संबंध नहीं है। इसीलिए जब इसका कुछ है ही नहीं, तब फिर कुछ भी छूट जाने का भय निरर्थक है। इनसे इतर किसी भी तरह का भाव या संबंध एक विशेष प्रकार के माया-मोह का इंद्रजाल ही बुनता है।

## संपादकीय

# आरोप लगाने से पहले अपनी गिरेबां में झाकें

पाकिस्तान की समस्या यह है कि जब भी वह भारत के खिलाफ अपने किसी एजंडे को हकीकत में तब्दील करने में नाकाम होता है या फिर खुद को गंभीर आरोपों के कठघरे में पाता है, तब भारत की ओर अंगुली उठा कर खड़ा हो जाता है। हालांकि ऐसा करने से खुद उसके ही कमजोर होने का एक संदेश निकलता है, लेकिन ऐसा लगता है कि बार-बार शर्मिंदगी उठाने के बावजूद उसे भारत पर आरोप लगाने में कोई असहजता नहीं



महसूस होती। सवाल है कि क्या अब इस तरह की गतिविधियां पाकिस्तान की आदत में तब्दील हो गई हैं कि अपनी सीमा में मुश्किलों का हल निकालने के बजाय वह किसी भी मामले में भारत का नाम लेकर दुनिया और पाकिस्तानी अवाम को गुमराह करना प्राथमिक समझता है! दरअसल, गुरुवार को पाकिस्तान ने दावा किया कि उसके पास पिछले वर्ष सियालकोट और रावलकोट में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े दो पाकिस्तानी आतंकवादियों की हत्या और 'भारतीय एजंट' के बीच संबंध होने के 'ठोस सबूत' हैं। अब वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान को जिस रूप में देखा-समझा जाता है, उसमें इस आरोप को लेकर शायद ही कोई देश गंभीर होता हो। मगर इससे पाकिस्तान की मंशा एक बार फिर सामने आई है। इस तरह के उथले और निराधार आरोपों की सच्चाई यह है कि जिन आतंकवादियों के मारे जाने के बारे में पाकिस्तान ने भारत पर अंगुली उठाई है, उनसे संबंधित आतंकी संगठनों को पालने के लिए कठघरे में वह खुद खड़ा है। जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी आतंकी गतिविधियां संचालित करने के मसले पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग सम्मेलनों में भी सवाल उठ चुके हैं। ऐसे में भारत का यह जवाब बिल्कुल उचित है कि पाकिस्तान की ओर से इस मामले में जो भी कहा गया है, वह भारत विरोधी झूठा और दुर्भावना से भरे प्रचार का उसका नवीनतम प्रयास है; पाकिस्तान जो बोएगा, वही काटेगा और उसकी अपनी करतूतों के लिए दूसरों को जिम्मेदार ठहराना न तो न्यायोचित हो सकता है, न ही समाधान। सच यह है कि पाकिस्तान अपने दावे में ही दोनों आतंकवादी संगठनों और उनके सदस्यों के अपने सीमा-क्षेत्र में मौजूद होने की पुष्टि कर रहा है। दरअसल, ताजा आरोप लगाते हुए पाकिस्तान ने यह सोचना भी जरूरी नहीं समझा कि उसके सीमा क्षेत्र में आतंकवादी संगठनों से जुड़े लोग 'पाकिस्तानी नागरिक' और आतंकी पहचान के बावजूद शासन की गिरफ्त में क्यों नहीं थे! आतंकवादियों की हरकतों के बारे में दुनिया जानती है कि वे नाहक ही मासूम और निर्दोष लोगों की हत्या करते हैं, आतंक फैलाते हैं, तो खुद पाकिस्तान स्थित किसी अन्य संगठन या एजंसी के साथ भी टकराव में वे मारे जा सकते हैं। लेकिन महज शौक की वजह से भारत पर आरोप लगाते हुए पाकिस्तान ने कभी भी अपने गिरेबां में झांकने की जरूरत नहीं समझी है।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# तबादले का आदेश

देश के शासन-तंत्र के ढांचे में काम करने वाले सभी अधिकारी और कर्मचारी के लिए उनके दायित्वों के साथ एक महत्त्वपूर्ण संदेश यह भी जुड़ा होता है कि उनके आचरण से समाज में सकारात्मक संदेश जाए। मगर आए दिन ऐसी खबरें मिलती रहती हैं कि किसी अफसर ने अपने मातहत कर्मचारियों को अनधिकृत रूप से अपने निजी काम करने में भी लगा दिया या कुछ ऐसा कराया, जो नियमों के खिलाफ, सामाजिक और नैतिक रूप से गलत था और उससे नौकरशाही को लेकर नकारात्मक संदेश गया। मध्य प्रदेश में सिंगरौली जिले की चित्रांगी तहसील के उपजिलाधिकारी यानी एसडीएम ने यह बुनियादी पहलू ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा और सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान अपने कार्यालय की एक महिला कर्मी से जूते का फीता बंधवाने में उन्हें कोई संकोच नहीं हुआ। इस घटना की तस्वीर के सोशल मीडिया पर सुर्खियों में आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया और लोगों ने अधिकारी के इस आचरण पर तीखी आपत्ति दर्ज की। स्वाभाविक ही इससे राज्य सरकार के लिए एक असहज स्थिति पैदा हो गई, जो अक्सर महिला सम्मान के सर्वोपरि होने की बात करती रहती है। नतीजतन, सरकार ने ऐसे आचरण के कठघरे में आए एसडीएम के तबादले का आदेश जारी कर दिया। किसी भी व्यक्ति और खासतौर पर उच्च पद पर काबिज अधिकारी के पास यह सहज ज्ञान होना चाहिए कि सार्वजनिक रूप से ऐसे आचरण का क्या मतलब होता है। मगर संबंधित एसडीएम को इस पर गौर करना जरूरी नहीं लगा कि ऐसी कोई बात कैसे उनके पद की मर्यादा और सामान्य नैतिकता के भी खिलाफ जाती है। खासतौर पर जिस दौर में महिलाओं के सम्मान और अधिकार के लिए सभी स्तरों पर जोर दिया जा रहा है, वैसे में यह घटना दावों और हकीकत के



विरोधाभास को ही दर्शाती है। इसलिए उनके तबादले से संबंधित फैसले का आशय समझा जा सकता है। हालांकि आरोपों के कठघरे में आए एसडीएम ने सफाई के तौर पर कहा कि उनके पैर में चोट लगी थी और इस वजह से महिला कर्मी ने खुद ही जूते के फीते बांध दिए थे। मगर सवाल है कि वहां मौजूद और बाद में सुर्खियों में आई तस्वीर को देखने वाले लोगों को यह कैसे पता हो सकता है कि ऐसा उनके स्वास्थ्य की वजह से हुआ। फिर क्या अपने पद से जुड़े व्यवहार की सीमा और उससे जुड़े नैतिक तकाजे का खयाल रखना खुद अधिकारी के लिए जरूरी नहीं था?

# गो माता ग्रुप दुगार्पुरा के अध्यक्ष, अशोक जैन, गोपी अग्रवाल भीम काकेरवाल राधा कृष्ण बजाज सम्मान से सम्मानित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान गो सेवा संघ दुगार्पुरा द्वारा गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर दुगार्पुरा गोशाला में आयोजित कार्यक्रम में गौ माता सेवार्थ ग्रुप के अध्यक्ष अशोक जैन, गोपी अग्रवाल, भीम काकरवाल सहित अन्य गो सेवको को गो सेवा के उत्कृष्ठ कार्य करने हेतु राधा कृष्ण बजाज सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष पवन जैन, बी एल लश्करी व अंशुमान ढड्डा उपस्थित रहे।





# ग्रुप हेरिटेज सिटी की धार्मिक यात्रा हुई संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप हेरिटेज सिटी की धार्मिक यात्रा जयपुर से गोलाकोट सोनागिरि ललितपुर सानंद संपन्न हुई। ग्रुप अध्यक्ष नितिन पाटनी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। दिनांक 25 जनवरी 2024 को 38 सदस्यों के एक दल को दोपहर 2 बजे जे एस जी इंटरनेशनल फेडरेशन नॉर्दर्न रीजन के चेयरमैन महेंद्र सिंघवी व जैन मंदिर महावीर नगर समिति के मंत्री सुनील बज ने हरी झंडी दिखाकर बस द्वारा प्रस्थान करवाया । इस अवसर पर ग्रुप के पदाधिकारी मुकेश कासलीवाल , प्रदीप बज ,अरुण पाटनी , राजीव बज, डॉक्टर सुदीप जैन व साथ में अन्य कई सदस्य गण उपस्थित हुए । ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष व कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सुभाष बज ने बताया की सभी जयपुर से प्रस्थान कर सवाईमाधोपुर चमत्कार जी मंदिर दर्शन कर गोलाकोट देर रात्रि में पहुंचे 26 जनवरी को प्रातः सभी ने आदिनाथ भगवान के मस्तक पर अभिषेक शांतिधारा की व उसके पश्चात खनियाधाना स्थित विद्यासागर विद्यालय में गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल हुए। विद्यालय के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश जैन चोधरी के सानिध्य में ग्रुप की ओर से स्कूल के लगभग 400 छात्रों को पैन सैट व मिठाई वितरित की गई व पचराई के अत्यंत प्राचीन मंदिर के दर्शन लाभ प्राप्त किए। वहां पर किसी काल में आक्रमण कारियो द्वारा खंडित की गई सैकड़ों प्रतिमाओं का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम संयोजक महावीर सेठी के अनुसार ग्रुप का 275 वा भक्तामर स्तोत्र पाठ रिद्धि मंत्रो के साथ 48 दीपक प्रज्वलित कर गोलाकोट मंदिर में रात्रि 6 .30 बजे से किया। 27 तारीख को प्रातः अभिषेक पूजन आदि कर आगे चंदेरी मंदिर में अति प्राचीन प्रतिमाओं के दर्शन किए। ललितपुर में भव्य क्षेत्र पाल जैन मंदिर में दर्शन कर तीर्थ क्षेत्र सोनागिरजी के लिए प्रस्थान किया देर रात सोनागिर पहुंचे। 28 तारीख को प्रातः पर्वत राज पर स्थित 77 मंदिरों की वंदना की तलहटी के भी मंदिरों के दर्शन कर ज्ञानतीर्थ मुरैना के लिए रवाना हुए ज्ञानतीर्थ में दर्शन कर श्री महावीरजी के लिए प्रस्थान किया। मंदिर दर्शन कर रात्रि 10 बजे जयपुर के लिए रवाना हुए। पूरे धार्मिक यात्रा में 11 क्षेत्र के दर्शन किए सभी मंदिर क्षेत्र में स्मृति स्वरूप एक एक बड़ी दीवार घड़ी व जिनवाणीजी ग्रुप सदस्यों के सहयोग से भेंट की।



# 9 महीने 9 दिन गर्भ में बच्चा क्यों रहता है..क्या है बच्चे को महान बनाने का वैज्ञानिक उपाय..??



डॉ पीयूष त्रिवेदी
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर।
9828011871

लोग ज्योतिष पर बहुत कम विश्वास करते है क्योकि ज्योतिषियों ने ही ज्योतिष का विना श किया है उनके अधूरे ज्ञान के कारण ऐसा हुआ है। गर्भ मे बच्चा 9 महीने और 9 दिन ही क्यो रहता है। इसका एक वैज्ञानिक आधार है हमारे ब्रह्मांड के 9 ग्रह अपनी अपनी किरणों से गर्भ मे पल रहे बच्चे को विकसित करते हैं। हर ग्रह अपने स्वभाव के अनुरूप बच्चे के शरीर के भागों को विकसित करता है।अगर कोई ग्रह गर्भ मे पल रहे बच्चे के समय कमजोर है तो उपाय से उसको ठीक किया जा सकता है।

1. गर्भ से पहले महीने तक शुक्र का प्रभाव रहता है अगर गर्भावस्था के समय शुक्र कमजोर है तो शुक्र को मजबूत करना चाहिए। अगर शुक्र मजबूत होगा तो बच्चा बहुत सुंदर होगा और उस समय स्त्री को चटपटी चीजे खानी चाहिए शुक्र का दान न करे अगर दान किया तो शुक्र कमजोर हो जाएगा। कुछ ज्योतिषी अधूरे ज्ञान के कारण शुक्र का दान करा देते है। दान सिर्फ उसी ग्रह का करे जो पा पी और क्रूर हो और उसके कारण गर्भपात का खतरा हो।

2. दूसरे महीने मंगल का प्रभाव रहता है। मीठा खा कर मंगल को मजबूत करे तथा लाल वस्त्र ज्यादा धारण करें।

3. तीसरे महीने गुरु का प्रभाव रहता है। दूध और मीठे से बनी मिठाई या पकवान का सेवन करे तथा पीले वस्त्र ज्यादा धारण करें।

4. चौथे महीने सूर्य का प्रभाव रहता है। रसों का सेवन करे तथा महरून वस्त्र ज्यादा धारण करें।

5. पांचवे महीने चंद्र का प्रभाव रहता है। दूध और दही तथा चावल तथा सफेद चीजों का सेवन करे तथा सफेद ज्यादा वस्त्र धारण करें।

6. छटे महीने शनि का प्रभाव रहता है। कसैली चीजों केल्शियम और रसों के सेवन करे तथा आसमानी वस्त्र ज्यादा धारण करें।

7. सातवे महीने बुध का प्रभाव रहता है जूस और फलों का खूब सेवन करे तथा हरे रंग के वस्त्र ज्यादा धारण करें।

8. आठवे महीने फिर चंद्र का तथा नौवे महीने सूर्य का प्रभाव रहता है। इस दौरान अगर कोई ग्रह नीच राशि गत भ्रमण कर रहा है तो उसका पूरे महीने यज्ञ करन चाहिए। जितना गर्भ ग्रहों की किरणों से तपेगा उतना ही बच्चा महान और मेधावी होगा जैसी एक मुर्गी अपने अंडे को ज्यादा हीट देती है तो उसका बच्चा मजबूत पैदा होता है। अगर हीट कम देगी तो उसका चूजा बहुत कमजोर होगा। उसी प्रकार माँ का गर्भ ग्रहों की किरणों से जितना तपेगा बच्चा उतना ही मजबूत होगा। जैसे गांधारी की आँ खों की किरणों के तेज से दुर्योधन का शरीर वज्र का हो गया था।

# प्रत्येक प्राणी सुख की प्राप्ति के लिए जीवन भर प्रयत्नशील रहता है : आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी (राज.) में विराजित गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने धर्मोपदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक प्राणी सुख की प्राप्ति के लिए जीवन भर प्रयत्नशील रहता है। बुद्धि एवं विवेकशील होने के कारण प्राणियों में मनुष्य अधिक ही भाग-दौड़ करता है। मनुष्य आनंद पाने के लिए अनेकानेक पदार्थ संग्रह करता है तथा धन संग्रह में जुटा रहता है। पर क्या वह आनंद का एक अंश भी प्राप्त कर पाता है? सत्य तो यह है संपदा तथा धन इकट्ठा करके अपनी इच्छानुसार उसका उपभोगकर तन तथा इंद्रियों का क्षणिक सुख तो अनुभव कर सकता है, किंतु मानसिक अथवा आत्मिक सुख तो तभी प्राप्त होगा जब शांति एवं संतोष मिले। इसी को आनंद कहते हैं।

जयपुर विवेक विहार से विज्ञातीर्थ क्षेत्र पर पहुंचकर राजेश जी श्वेता पाटनी ने 23 वें शादी की वर्षगांठ पर पूज्य माताजी का आशीर्वाद प्राप्त किया । चौमुंबाग जयपुर समाज ने माताजी ससंघ की निर्विघ्न आहारचर्या सम्पन्न करवाई। पूज्य गुरु माँ ने उपवास कर अपनी साधना को उत्कृष्टता प्रदान की।

# मानव का शरीर क्षण भंगुर है.. उपप्रवर्तिनी दिव्यप्रभा

**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** मानव का शरीर क्षण भंगुर है। सोमवार को शांतिभवन भोपालगंज मे उपप्रवर्तिनी डॉ. दिव्यप्रभा ने आयोजित धर्मसभा मे श्रध्दालुओं को सम्बोधित करतें हुए कहा कि मनुष्य की आत्मा अजर-अमर अविनाशी है परन्तु वो जानते हुए भी संसार की भौतिक वस्तुओं में सुख खोज रहा है। जबकि वस्तुओं को त्याग ने पर ही उसे सुख प्राप्त हो सकता है और आत्मा का कल्याण हो पाएगा। साध्वी निरूपमा एवं साध्वी आर्याश्री ने कहा कि मनुष्य शरीर की नश्वरता को जानता है फिर भी वो संसार के क्षण मात्र के सुख को पाने की चाह में वो परलोक के सुख को खो देता है। श्रीसंघ के महामंत्री सुशील चपलोत ने बताया धर्मसभा से पूर्व की साध्वी मंडल के शांतिभवन मे पधारने पर



संरक्षक कंवरलाल सूरिया अध्यक्ष महेन्द्र सिंह छाजेड़ उपाध्यक्ष ललित बाबेल,मनोहरलाल सूर्या, प्रकाश बाबेल, जबरसिंह नाहर,बाबूलाल सूरिया तथा इन्द्रा बापना,नीता बाबेल,लाड़ मेहता आदि के साथ महावीर नवयुवक मंडल एवं श्री शांति जैन महिला मंडल की बहनों ने साध्वीवृंद की अगवानी करते हुए अभिनंदन किया गया। नियमित प्रवचन प्रातः 9: 00 बजे से.10:00 बजे रहेगा।

# एसआरके मैक्स हॉस्पिटल में बहुसुविधा युक्त चिकित्सा शिविर का आयोजन





जयपुर. शाबाश इंडिया। लाल कोठी स्थित एस.आर. के मैक्स हॉस्पिटल ने बहुसुविधा युक्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जिसमें तीन सौ से अधिक मरीजों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया। हॉस्पिटल निदेशक डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि शिविर में जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, यूरोलोजी, नेत्र, हृदय, कैंसर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण आदि विभागों ने सेवाएं प्रदान की हैं, जिनका लाभ शिविर में आने वाले मरीजों ने उठाया। आगामी समय में भी हॉस्पिटल द्वारा ऐसे ही शिविरों का आयोजन किया जाएगा और जागरूकता वाले कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें बेसिक लाईफ सपोर्ट प्रशिक्षण, नर्सिंग सर्टिफिकेट कोर्स, नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। एस.आर. के मैक्स हॉस्पिटल में कैथ लैब, सी.टी. स्कैन एवं फिजियोथेरेपी विभागो को शुरू किया गया है।

# भगवान ऋषभदेव जन्मभूमि अयोध्या तीर्थ प्रवाहना रथ के पोस्टर का किया भव्य विमोचन

फागी. शाबाश इंडिया



कस्बे में आर्यिका श्रुतमति माताजी आर्यिका ,सुबोध मति माताजी स संघ के पावन सानिध्य में जैन समाज की सर्वोच्च साध्वी गणिनी प्रमुख आर्यिका शिरोमणि ज्ञानमती माताजी द्वारा तीर्थंकर ऋषभदेव, अजित नाथ, अभिनंदन नाथ, सुमतीनाथ एवं अनन्तनाथ आदि पांच तीर्थंकरों की जन्म भूमि शाश्वत तीर्थ अयोध्या से प्रवर्तित अयोध्या जैन तीर्थ प्रभावना रथ के पोस्टर का भव्य विमोचन किया गया। कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने शिरकत करते हुए बताया कि रथ प्रवर्तन राजस्थान के संयोजक उदयभान जैन एवं दिलीप जैन का फागी कस्बे में निमंत्रण पत्रिका देने हेतु आगमन हुआ और दोनों पदाधिकारीयों ने आर्यिका श्रुतमति माताजी आर्यिका सुबोध मति माताजी ससंघ एवं समाज के पदाधिकारियों को निमंत्रण पत्रिका देते हुए अवगत कराया कि अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ अयोध्या से संपूर्ण भारतवर्ष की जैन समाज में जन जागरण हेतु प्रवर्तन किया गया है जिसका सर्व प्रथम राजस्थान के अतिशय क्षेत्र तिजारा में 20 जुलाई 2023 को प्रवर्तन किया गया था।अब यह रथ राजस्थान के विभिन्न नगरों में धर्म प्रभावना बढ़ा रहा है,इसी श्रृंखला में भगवान ऋषभदेव तीर्थ प्रभावना रथ 7 फरवरी 2024 को निवाई, 8 फरवरी को चाकसू , 9 जनवरी को माधोराजपुरा तथा 10 फरवरी को फागी कस्बे में प्रवेश करेगा। जहां पर बोलियों के माध्यम से रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण हेतु पात्रों का चयन किया जाएगा, कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश के संयोजक उदयभान जैन एवं दिलीप जैन का माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में समाज के पदाधिकारियों के द्वारा तिलक, माला, शाल, दुपट्टा एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया, उक्त कार्यक्रम में सोभागमल पहाड़िया चौरु,अग्रवाल समाज फागी के अध्यक्ष महावीर झंडा, सरावगी समाज फागी के अध्यक्ष महावीर अजमेरा, समाज सेवी केलास कासलीवाल, विरेन्द्र दोषी,मंदिर समिति के मंत्री कमलेश चौधरी, विनोद कागला तथा राजाबाबू गोधा सहित सभी पदाधिकारी गण मोजूद थे।

# श्री महावीर कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया इंडस्ट्रियल विजिट



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री महावीर कॉलेज द्वारा बी कॉम (पास कोर्स), बी कॉम (आनर्स), बीबीए, बीसीए, एम कॉम और एमएचआरएम के फाइनल ईयर के विद्यार्थियों को आर के मार्बल एवं डंपिंग यार्ड, किशनगढ़ का विजिट कराया गया।इस इंडस्ट्रियल विजिट से विद्यार्थियों को मार्बल के मैन्युफैक्चरिंग से संबंधित व्यवहारिक जानकारी दी गई। उन्हें मार्बल उद्योग की चुनौतियों, गुणवत्ता नियंत्रण उपायों, सुरक्षा मानकों आदि के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों ने अलग अलग विभागों जैसे मार्केटिंग, मैन्युफैक्चरिंग, डिस्ट्रीब्यूटिंग आदि कार्यों की प्रणाली को देखा जिसके द्वारा उन्होंने इन विभागों के नियोजन, नियंत्रण को समझा और किताबी ज्ञान से हटकर व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया। वहाँ उपस्थित तकनीकी एक्सपर्ट ने विद्यार्थियों के सवालों का जवाब देकर उनका ज्ञानवर्धन किया।

# आचार्य विशुद्धसागर जी का मंगल विहार सवाईमाधोपुर की ओर



जयपुर. शाबाश इंडिया

परम पूज्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के दादा गुरु वात्सल्य रत्नाकर आचार्य श्री 108 विमल सागर जी महाराज को समर्पित श्री क्षेत्र गुरु शरणम की पत्रिका देखकर प्रसन्नचित से दिया मंगल आशीर्वाद,वात्सल्य रत्नाकर के अन्तिम दीक्षित शिष्य उपाध्याय रत्न श्री 108 ऊर्जयन्त सागर जी महाराज की पावन प्रेरणा एवं मंगल आशीर्वाद से ए वी एस फाउंडेशन द्वारा जयपुर आगरा राजमार्ग पर बनाये जा रहे तीर्थ के भूमि पूजन शिलान्यास की पत्रिका का अवलोकन कराते हुए फाउंडेशन के महामंत्री सुखानंद काला एवं गुणमाला काला ने 25 जनवरी को किये गए भूमि पूजन एवं शिलान्यास की एवं आचार्य श्री विमल सागर जी महाराज की प्रतिमा को विराजमान होने के बारे अवगत कराया।गुरुदेव उपाध्याय श्री का सबसे बड़ा सपना इस क्षेत्र को गुरू को ही समर्पित करने का है। इस क्षेत्र में आचार्य विमल सागर जी महाराज की भव्य विशाल प्रतिमा स्थापित किया जाना सुनिश्चित जानकर आचार्य श्री ने प्रसन्न मुद्रा में कहा कि हम दादा गुरु की कृपा से ही अपने रत्नत्रय को संभाल कर धर्म प्रभावना कर पाते है।उपाध्याय श्री को एवं सभी आयोजकों को इस कार्य की सफलता हेतु मंगल आशीर्वाद दिया। साथ मे उपस्थित अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के जयपुर अध्यक्ष भागचंद जैन श्रीमती मनोरमा जैन मित्रपुरा ने भी आचार्य श्री से मंगल आशीर्वाद प्राप्त कर समाज हित मे किये जा रहे कार्यों के विषय मे चर्चा कर दिशा निर्देश प्राप्त किया।

संकलन: पण्डित मुकेश शास्त्री



# तीन दिवसीय 'उन्नत 2024 राजस्थान समृद्धि' प्रदर्शनी शुरू

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भूपाल नोबल्स इनडोर स्टेडियम में तीन दिवसीय 'उन्नत 2024 राजस्थान समृद्धि' प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल ने सोमवार को फीता काट कर किया। उल्लेखनीय है कि प्रयास संस्थान की ओर से जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार, कृषि एवं विकास कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, मिनिस्ट्री आफ अर्थ साइंसेज एवं पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में तीन इस प्रदर्शनी का समापन 31 जनवरी को होगा। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद जिलाधीश पोसवाल ने कहा कि भारत एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने का यह अच्छा जरिया है। साथ ही किसानों को कृषि क्षेत्र में प्रयुक्त नवाचारों एवं जैविक खेती के बारे में जानकारी मिल सकेगी। इसके अलावा जो बच्चे अक्सर स्कूली शिक्षा के बाद अपने केरियर और भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं उन्हें इस प्रदर्शनी के माध्यम से सटीक जानकारी तथा मार्गदर्शन मिल सकेगा।

प्रयास संस्थान प्रोजेक्ट मैनेजर मन्नत चावला एवं महक गिबरानी ने बताया कि प्रदर्शनी में पहले ही दिन दोपहर तक करीब दो हजार से ज्यादा स्कूली बच्चे और किसानों का आना इसकी सफलता और सार्थकता को रेखांकित करता है। बता दें, इस प्रदर्शनी में 40 स्टॉल्स मिनिस्ट्री और 30 राज्य एवं केंद्र सरकार की मिलाकर कुल 70 स्टॉल्स लगाई गई है। जहां पूरे दिन आगंतुकों की कतारें लगी देखी गईं।

**रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**





# संगिनी मेट्रो ने छात्र-छात्राओं को स्वेटर, फल एवं राष्ट्र ध्वज का किया वितरण

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मानव सेवार्थ कार्यों में अग्रणी महिलाओं की संस्था संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की ओर से गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दुर्गापुरा में निर्धन छात्र-छात्राओं को सर्दी से बचाव के लिए गर्म स्वेटर वितरित किए गए। इस मौके पर फल एवं राष्ट्रीय ध्वज भी वितरित किए गए। अध्यक्ष अम्बिका सेठी एवं सचिव रेखा पाटनी ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेविका श्रीमती शिवानी बावरी थी। जिन्होंने बच्चों को स्वेटर बांटे। संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा के मुताबिक संगिनी सदस्या पिंकी निमोडिया की ओर से सब बच्चों को फल वितरित किए गए। सचिव रेखा पाटनी की ओर से बच्चों को झन्डे वितरित किये गए। समारोह के शुरू में विश्व शांति प्रदायक णमोकार महामंत्र का तीन बार सामूहिक उच्चारण किया गया। संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा ने स्वागत उदबोधन देते हुए अतिथियों एवं सहयोगियों का स्वागत किया एवं संगिनी की सामाजिक एवं मानव सेवार्थ गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सचिव रेखा पाटनी ने कविता के माध्यम से बच्चों को वर्ष में आने वाले त्योहारों की जानकारी दी। निवर्तमान अध्यक्ष मैना जैन ने गणतंत्र दिवस का महत्व समझाया। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा, निवर्तमान अध्यक्ष मैना जैन,अध्यक्ष अम्बिका सेठी, सचिव रेखा पाटनी,कोषाध्यक्ष दीपा गोधा , सुनीता जैन, वर्षा अजमेरा, निशा जैन, मंजू जैन, नीतू जैन सहित विद्यालय की प्राचार्या, अध्यापकगण शामिल हुए।



## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com